No. of Printed Pages/Questions: 11/17

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2023 – 2024) SET A**

**Class: IX** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

---

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- **खंड 'क'** और **'ख'**। **खंड 'क'** में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और **खंड 'ख'** में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) **खंड 'क'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) **खंड 'ख'** में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड 'क' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

वर्तमान समाज में सर्वत्र अव्यवस्था का साम्राज्य फैला हुआ है। विद्यार्थी, राजनेता, सरकारी कर्मचारी, श्रमिक आदि सभी स्वयं को स्वतंत्र भारत का नागरिक मानकर मनमानी कर रहे हैं। शासन में व्याप्त अस्थिरता समाज के अनुशासन को भी प्रभावित कर रही है। यदि किसी को अनुशासन में रहने को कहा जाए तो वह 'शासन का अनुसरण' करने की बात कहकर, अपनी अनुशासनहीनता पर परदा डालने का प्रयास करता है। वास्तव में अनुशासन शब्द का अर्थ अपने पर नियंत्रण ही है। विद्यार्थी जीवन में अबोधता के कारण उन्हें भले बुरे की पहचान नहीं होती। आज स्थिति में थोड़ी-सी असावधानी उन्हें अनुशासनहीन बना देती है। आज विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूचि नहीं है। वे आधुनिक शिक्षा पद्धति को बेकारों की सेना तैयार करने वाली नीति मानकर इसके प्रति उदासीन हो गए हैं तथा फैशन, सुख सुविधापूर्ण जीवन जीने के लिए गलत रास्तों पर चलने लगे हैं। वर्तमान जीवन में व्याप्त राजनीतिक दलबंदी भी विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता को प्रोत्साहित करती है। राजनीतिक नेता अपने स्वार्थ के लिए विद्यार्थियों को भड़का देते हैं तथा विद्यार्थी वर्ग भले-बुरे की चिंता किए बिना तोड़-फोड़ में लग जाता है।

आधुनिक युग में अति व्यस्त जीवन-पद्धति के कारण माता-पिता अपनी संतान का पूरा ध्यान नहीं रख पाते। चार-पाँच घंटे कॉलेज में रहने वाला विद्यार्थी उन्नीस-बीस घंटे तो अपने परिवारजनों के साथ ही रहता है। पारिवारिक परिवेश का उसपर बहुत प्रभाव पड़ता है। यदि उसके

माता-पिता अनुशासित जीवन नहीं जीते तो उसे भी अनुशानहीन जीवन जीना पड़ता है। वे माता-पिता जो बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते, उनके बच्चों में भी समय पाबंदी और मूल्यों को लेकर संदेह बना रहता है तथा बच्चे भी शिक्षा की तरफ ध्यान नहीं दे पाते। विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष योजना चलानी चाहिए ताकि उनमें नैतिक व चारित्रिक उत्थान को बढ़ाया जा सके। इस प्रकार के प्रोत्साहनों से उन्हें अपने कर्तव्यों का बोध कराया जा सकता है

**(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A)** आजकल विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं।

**कारण (R):** शिक्षा व्यवस्था को दोषपूर्ण समझना तथा सामाजिक, घरेलू और आस-पास की परिस्थितियों का सही राह न दिखाना।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(ii) विद्यार्थियों का दृष्टिकोण आजकल क्या होने लगा है?**

(अ) समय की पाबंदी और मूल्यों को लेकर संदेह

(ब) आधुनिक शिक्षा पद्धति के प्रति उदासीनता

(स) राजनीतिक दलबंदी की ओर आकर्षण

(द) उपर्युक्त सभी

**(iii) अनुशासन से अभिप्राय है ....................कथन पढ़कर सही विकल्प चयन कीजिए-**

**कथन**

(क) दूसरों पर शासन

(ख) कड़ी कानून व्यवस्था

(ग) नैतिक व चारित्रिक शिक्षा

(घ) स्वयं पर नियंत्रण

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है

(ब) कथन (क) और (ख) सही है

(स) कथन (ख) और (ग) सही है

(द) कथन (घ) सही है

**(iv) बच्चों के प्रति माता-पिता का क्या कर्तव्य होना चाहिए?**

(अ) उन्हें सदा अपनी निगरानी में रखना

(ब) उन्हें सही दिशा निर्देश और मार्गदर्शन देना

(स) उन्हें दंड देना

(द) उनके हर निर्णय को स्वीकार करना

**(v) आजकल माता-पिता की बच्चों को लेकर क्या स्थिति है?**

(अ) वे बच्चों की देखभाल अच्छे ढंग से करते हैं।

(ब) अति व्यस्त जीवन-पद्धति के कारण बच्चों पर ध्यान न दे पाना।

(स) बच्चों के काम में हस्तक्षेप नहीं करते

(द) बच्चों से कठोर व्यवहार करना।

**2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

हैं जन्म लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही-सी चाँदनी है डालता।
मेह उन पर है बरसता एक-सा
एक-सी उन पर हवाएँ हैं बही
पर सदा ही यह दिखाता है हमें
ढंग उनके एक से होते नहीं।
छेद कर कांटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर वसन
प्यार-डूबी तितलियों का पर कतर,
भँवर का है भेद देता श्याम तन।
फूल लेकर तितलियों की गोद में
भँवर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंधों और निराले ढंग से
है सदा कली का जी खिल।
है खटकता एक सबकी आँख में
दूसरा है सोहता सुर शीश पर,
किसी तरह कुल की बड़ाई काम दे
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

**(i) 'फाड़ देता है किसी का वर वसन' में 'वसन' का अर्थ है-**

(अ) व्यसन (ब) व्यंजन

(स) वस्त्र (द) वास

**(ii) प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों के मूल भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**कथन**

(क) सभी परिस्थितियों का प्रभाव एक समान होता है।

(ख) परिवेश की समानता से अव्यवस्था उत्पन्न होती है।

(ग) सद्गुणों और नम्र व्यवहार के कारण ही सबका प्रिय बनता है।

(घ) भौगोलिक परिस्थितियाँ मनुष्य के स्वभाव को प्रभावित करती हैं।

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है | (ब) कथन (ख) सही है

(स) कथन (ग) सही है | (द) कथन (ख) और (घ) सही है

**(iii) ऊँचे कुल का प्रभाव कम हो जाता है जब-**

(अ) धन की कमी हो | (ब) व्यवहार बहुत अच्छा हो

(स) सदस्यों में बड़प्पन की कमी हो | (द) धन का भंडार हो

**(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A):** मनुष्य अपने अच्छे कर्मों से प्रसिद्ध होता है।

**कारण (R):** किसी भी कुल में जन्म लेने से ही मनुष्य बड़ा हो सकता है।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(v) काव्य-पंक्तियों के आधार पर फूल क्या-क्या करता है?**

(अ) भँवरों को अपना रस पिलाता है | (ब) देवताओं के सिर पर शोभा देता है

(स) तितलियों को अपनी गोद में खिलाता है | (द) उपर्युक्त सभी

**3.निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(i) 'अवमूल्यन' में प्रयुक्त उपसर्ग है-**

(अ) अ | (ब) अव

(स) अवमू | (द) अन

**(ii) 'अन' उपसर्ग से युक्त शब्द को चुनिए-**

(अ) अनजान | (ब) अनपढ़

(स) अनमोल | (द) अनधिकार

**कूट/विकल्प**

(अ) केवल (क) सही है | (ब) केवल (क) और (ख) सही है

(स) (क), (ख) और (ग) सही है | (द) (ख), (ग) और (घ) सही है

**(iii) 'घबराहट' - शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-**

(अ) राहट (ब) आहट

(स) हट (द) ट

**(iv) उस शब्द को छाँटिए जिसमें 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ हो-**

(अ) अधिक (ब) दैनिक

(स) धार्मिक (द) भौगोलिक

**(v) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क.निवारण | 1.स्व |
| ख.सज्जन | 2.नि |
| ग.स्वराज्य | 3.सत् |

**कूट/विकल्प**

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 1 | 2 | (ब) | 2 | 3 | 1 |
| (स) | 2 | 1 | 3 | (द) | 1 | 2 | 3 |

**4.निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X4=4**

**(i) समास-विग्रह का सही उदाहरण है-**

(क) ऋण से युक्त = ऋणमुक्त (ख) शोक से आकुल = शोकव्याकुल

(ग) वन को गमन = वनगमन (घ) रेखा से अंकित = रेखांकित

**कूट/विकल्प**

(अ) केवल (क) सही है (ब) केवल (ख) और (ग) सही है

(स) (क) और (ख) सही है (द) (ग) और (घ) सही है

**(ii) 'भूदान' - का सही विग्रह होगा-**

(अ) भू का दान (ब) भूमि का दान

(स) ज़मीन का दान (द) इनमें से कोई नहीं

**(iii) 'वीणा है पाणि में जिसके अर्थात सरस्वती - का समस्तपद कौन-सा है?**

(अ) वीणापाणि (ब) चक्रपाणि

(स) शारदा (द) वीणा और पाणि

**(iv) 'यथाशीघ्र' - समस्तपद में कौन-सा समास है ?**

(अ) अव्ययीभाव (ब) तत्पुरूष

(स) कर्मधारय समास (द) द्विगु समास

**(v) सूची I (समस्तपद) को सूची II (समास) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क. आजीवन | 1. कर्मधारय समास |
| ख. नीलकमल | 2. तत्पुरूष समास |
| ग. आपबीती | 3. अव्ययीभाव समास |

**कूट/विकल्प**

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 2 | 1 | (ब) | 1 | 3 | 2 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | (द) | 3 | 1 | 2 |

**5.निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1X4=4**

**(i) 'ईश्वर तुम्हें दीर्घायु करे', अर्थ के आधार पर सही वाक्य-भेद चुनिए-**

(अ) आज्ञावाचक (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) विधानवाचक वाक्य (द) विस्मयवाचक वाक्य

**(ii) बच्चों ने समय पर अपना गृह कार्य समाप्त नहीं किया ।**

(अ) संदेहवाचक वाक्य (ब) प्रश्नवाचक वाक्य

(स) संकेतवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

**(iii) अरे ! इतनी ऊँची इमारत।**

(अ) विधानवाचक वाक्य (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) विस्मयवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

**(iv) सभी बच्चे खेलते हैं। (आज्ञावाचक वाक्य में बदलें)**

(अ) सभी बच्चे खेलेंगे । (ब) सभी बच्चे खेल रहे हैं ।

(स) सभी बच्चो खेलो । (द) सभी बच्चे खेले थे।

**(v) मन लगाकर पढ़ाई करती है (निषेधवाचक वाक्य में बदलें)**

(अ) मन लगाकर पढ़ती तो अच्छा होता (ब) वाह ! मन लगाकर पढ़ती है ।

(स) मन लगाकर पढ़ाई नहीं करती है (द) मन लगाकर पढ़ाई करो

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(i) "गोकुल गाँव के ग्वारन ।" इस काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) यमक

(स) अनुप्रास (द) रूपक

**(ii) "मानसरोवर सुभर जल।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) यमक (ब) रूपक

(स) उपमा (द) अनुप्रास

**(iii) "तू मोहन के उर बसी ह्वै उरबसी समान ।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) रूपक (ब) उपमा

(स) यमक (द) अनुप्रास

**(iv) "वेदना बोझ वाली-सी ।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) अनुप्रास

(स) यमक (द) रूपक

**(v) "इस काले संकट-सागर पर।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) अनुप्रास

(स) यमक (द) रूपक

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

सुनहरे परिंदों के खूबसूरत पंखों पर सवार साँवले सपनों का एक हुजूम मौत की खामोश वादी की तरफ अग्रसर है। कोई रोक-टोक सके, कहाँ संभव है । इस हुजूम मे आगे-आगे चल रहे हैं, सालिम अली। अपने कंधों पर, सैलानियों की तरह अपने अंतहीन सफ़र का बोझ उठाए। लेकिन यह सफ़र पिछले तमाम सफ़रों से भिन्न है । भीड़-भाड़ की ज़िंदगी और तनाव के माहौल से सालिम अली का यह आखिरी पलायन है।अब तो वो उस वन-पक्षी की तरह प्रकृति में विलीन हो रहे हैं, जो ज़िंदगी का आखिरी गीत गाने के बाद मौत की गोद में जा बसा हो । कोई अपने जिस्म की हरारत और दिल की धड़कन देकर भी उसे लौटाना चाहे, तो वह पक्षी अपने सपनों के गीत दोबारा कैसे गा सकेगा !

**(i) इस गदयांश के लेखक का नाम क्या है?**

(अ) जाकिर हुसैन (ब) सलीम हुसैन

(स) ज़ाबिर हुसैन (द) जाकिर अली

**(ii) पहली पंक्ति में 'खामोश वादी' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**

(अ) सुंदर बगीचे के लिए (ब) श्मशान घाट के लिए

(स) उजड़े बगीचे के लिए (द) सुनसान स्थान के लिए

**(iii) सालिम अली आगे-आगे किस रूप में चल रहे हैं?**

(अ) कंधों पर बोझ उठाए

(ब) सैलानियों की तरह बंदूक उठाए

(स) अंतहीन सफ़र के यात्री की तरह

(द) पार्थिव शरीर के रूप मे

**(iv) इस सफ़र को अंतहीन सफ़र क्यों कहा गया?**

(अ) निधन के बाद कोई वापस नहीं आता।

(ब) सफ़र बहुत लंबा था।

(स) सफ़र के खत्म होने का पता नहीं था।

(द) सारे विश्व की यात्रा थी।

**(v) सालिम अली को 'वन-पक्षी' क्यों कहा गया?**

(अ) पक्षियों से प्रेम के कारण

(ब) जंगल में घूमने के कारण

(स) स्वतंत्र विचरण के कारण

(द) वन-पक्षी उन्हें पसंद करते थे

**9.गद्य खंड के पाठों के आधार पर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-** **1X2=2**

**(i) ग्राहक को लुभाने के लिए बाज़ार में किस प्रकार की सामग्रियाँ भरी हुई है?**

(अ) विलासिता संबंधी

(ब) अत्यंत महँगी सामग्री

(स) सौंदर्य प्रसाधन संबंधी

(द) स्वास्थ्य वर्धक सामग्री

**(ii) 'जूते' का प्रतीकार्थ क्या है?**

(अ) महँगे

(ब) कीमती

(स) तुच्छ प्राणी

(द) मूल्यवान

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

रोमांचित सी लगती वसुधा
आई जौ गेहूँ में बाली,
अरहर सनई की सोने की
किंकिणियाँ हैं शोभाशाली !
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध
फूली सरसों पीली पीली,
लो, हरित धरा से झाँक रही
नीलम की कलि, तीसी नीली !

**(i) धरती अपना रोमांच किस प्रकार प्रकट कर रही है?**

(अ) विभिन्न प्रकार के फलों को उगाकर

(ब) सब्जियों को उगाकर

(स) गेहूँ और जौ की बालियों को उगाकर

(द) सरसों और मक्का उगाकर

**(ii) अरहर और सनई की शोभा को किस प्रकार प्रकट किया गया है?**

(अ) धरती के माथे पर सुनहरी हार

(ब) धरती की कमर पर सुशोभित घूँघरूदार सुनहरी करधनी

(स) धरती को सुनहरी बनाकर

(द) धरती के लोगों को अनाज देकर

**(iii) सरसों की फ़सल से क्या प्रभाव उत्पन्न हुआ?**

(अ) वातावरण सुगंधित हो गया (ब) धरती हरी हो गई

(स) खिला-खिला-सा पीला रंग (द) 'क' तथा 'ग' दोनों सही हैं

**(iv) तीसी नामक फूल क्या कर रहे हैं?**

(अ) घूम रहे हैं (ब) खिल रहे हैं

(स) धरती की सुंदरता निहार रहे हैं (द) सरसों को देख रहे हैं

**(v) किस काव्य-पंक्ति में मानवीकरण अलंकार है?**

(अ) आई जौ गेहूँ में बाली (ब) फूली सरसों पीली पीली,

(स) लो, हरित धरा से झाँक रही (द) नीलम की कलि, तीसी नीली !

**10.काव्य खंड पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(i) आत्मरूपी हंस कहाँ क्रीड़ामग्न है?**

(अ) भक्ति से परिपूर्ण मन रूपी सरोवर में (ब) ईश्वर के पास

(स) भक्त के पास (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(ii) 'गई न सीधी राह'- इसके माध्यम से कवयित्री क्या कहना चाहती हैं?**

(अ) उन्होंने सहज साधना को नहीं अपनाया। (ब) वे सीधी रास्ते नहीं गईं ।

(स) वे टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर चलीं । (द) उन्हें सीधा रास्ता पता नहीं था ।

## 'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न(40 अंक)

## पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X4=8**

(क) सुमति के गुस्सा होने का क्या कारण था ?

(ख) वर्तमान समय के समाज में उपभोक्तावादी संस्कृति के पनपने से हमारा क्या-क्या नुकसान हुआ है ?

(ग) महादेवी वर्मा के परिवार में दो सौ वर्षों तक लड़की न होने का क्या कारण था ?

(घ) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?

(ङ)"टीला सामाजिक कुरीतियों का प्रतीक है" । कैसे ?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ?

(ख) आपके विचार से कवि पशु, पक्षी और पहाड़ के रूप में कृष्ण का सान्निध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है ?

(ग) कवि ने पीपल को ही बड़ा और बुज़ुर्ग क्यों कहा है ?

(घ) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक हादसे के समान क्यों है ?

**13.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ अपने पाठकों को क्या संदेश देना चाहता है ?

(ग) लेखिका मृदुला गर्ग अपने साथ की किन औरतों से प्रभावित थीं और क्यों ?

**लेखन**

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- 6**

**(क) चरित्र-निर्माण के बिना शिक्षा अधूरी**

संकेत बिंदु

*चरित्र निर्माण का तात्पर्य

*सबसे बड़ी पूँजी

*शिक्षा का उद्देश्य

**(ख) मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना**

संकेत बिंदु

*भूमिका

*सभी धर्मों का सार एक

*प्रेम सभी धर्मों का मूल

**(ग) समय अमूल्य धन है**

संकेत बिंदु

*भूमिका

*समय ही जीवन है

*समय का सदुपयोग आवश्यक

**15.आप निकिता हैं। नगर निगम के सड़क निर्माण विभाग को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए कि उनके कर्मचारी महीने भर पहले आपकी कॉलोनी में सड़क खोदकर चले गए और अब कोई भी सड़क की मरम्मत के लिए नहीं आ रहा है। उनसे अनुरोध कीजिए कि इस समस्या का शीघ्र समाधान करवा दें । 5**

अथवा

आप एक शैक्षणिक टूर में जाना चाहते हैं, पर आपके पिता जी ऐसा नहीं चाहते। उन्हें ऐसे टूर की उपयोगिता समझाते हुए एक पत्र लिखिए ।

16. "लालच बुरी बला है" उक्ति के आधार पर एक मौलिक कथा लिखिए। 5

अथवा

बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं की पूछताछ करने के लिए एक ई-मेल लिखिए ।

17.ट्रेन में सफ़र कर रहे दो यात्रियों के बीच की वार्तालाप को 80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए। 4

अथवा

आप ओ0पी0जिंदल,सावित्रीनगर विद्यालय में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सभी विद्यार्थियों को सूचित करते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

---0---